# रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट ने 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**फरीदाबाद, 22 अक्टूबर (रैपको न्यूज़)।** रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट ने के क्राउन इंटीरियर मॉल सेक्टर 35 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप का उद्घाटन क्राउन ग्रुप के चेयरमैन आर एस गांधी ने किया। आर एस गांधी ने बताया की रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट का सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान है। इसी को देखते हुए हमने यहां मॉल में कैंप लगाया। कैंप में रोटरी ब्लड बैंक की टीम ने 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा ने बताया की दीपावली पर्व को देखते हुए यहां मॉल में रक्तदान शिविर लगाया जिसमे 5 लड़कियों ने आस्था,साधना, श्रेया, नेहा, प्रांगुल ने पहली बार रक्तदान किया। कुलबीर ने बताया कि रोटरी ईस्ट हर महीने रक्तदान शिविर आयोजित करता है जिससे शहर में जरूरतमंद को रक्त की कमी ना हो। रोटरी ब्लड बैंक के






उपाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया एक यूनिट रक्त दान करने से 3

लोगों को रोजाना रक्त उपलब्ध करवाया जाता हैं।